क्यू/पीए-II/576/01/2016
विदेश मंत्रालय
(प्रशासन प्रभाग)

मई 02, 2017
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली

सेवा में

1. कैडर नियंत्रण मंत्रालय/समूह 'क' केन्द्रीय सेवाओं के विभाग और भारत सरकार के अखिल भारतीय सेवा के सचिव

2. विदेश मंत्रालय में प्रभाग के सभी प्रमुख

विषय : अकरा, अबूजा, आदीस, अबाबा, कोलंबो, डकार, दार-एस्-सलम, जकार्ता, मापुटो और विंडहोक के आसियान मिशन में हमारे मिशन में प्रथम सचिव/ द्वितीय सचिव (विकास सहयोग) के नौ (9) पदों को भरने के संबंध में

अखिल भारतीय सेवाओं और समूह 'क' केन्द्रीय सेवाओं के उप सचिव/अवर सचिव स्तर के अधिकारियों सहित तीन वर्षों की अवधि के लिए अकरा, अबूजा, आदीस, अबाबा, कोलंबो, डकार, दार-एस्-सलम, जकार्ता, मापुटो और विंडहोक के आसियान मिशन में हमारे मिशन में प्रथम सचिव/ द्वितीय सचिव (विकास सहयोग) के नौ (9) पदों को भरने का प्रस्ताव किया गया है।

2. पदों के लिए अनिवार्य और वांछनीय योग्यताएं निम्नानुसार हैं: -

अनिवार्य योग्यताएं

(i) अखिल भारतीय सेवा या समूह 'क' केंद्रीय सेवा में कम से कम 5 वर्षों के लिए जेएजी या समकक्ष के नियमित पद पर हों या वरिष्ठ वेतनमान पद पर हों।
(ii) विदेश मंत्रालय मुख्यालय में कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव।
(iii) अधिकारी सतर्कता की दृष्टि से मुक्त होना चाहिए।
(iv) अधिकारी को विदेशी प्रतिनियुक्ति से बहिष्कृत न किया गया हो।
(v) अधिकारी की आयु 54 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वांछनीय योग्यताएं

(i) उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल।
(ii) इंजीनियरिंग, विज्ञान या संबंधित विषय या अर्थशास्त्र / वित्त / प्रबंधन में स्नातकोत्तर / स्नातक।
(iii) उन अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास 'उत्कृष्ट' सेवा रिकॉर्ड होगा।

परिलब्धियां

3. अधिकारियों को उनके मूल कॉडर में स्वीकार्य मूल वेतन और उनके संबंधित विदेश मिशन में प्रथत सचिव/द्वितीय सचिव के लिए स्वीकार्य विदेश भत्ता मिलेगा। अधिकारियों को उनकी विदेश प्रतिनियुक्ति के दौरान अन्य भत्ते और हकदारियां उनके संबंधित मिशन में सदृश पद के अधिकारियों के लिए स्वीकार्य भत्ते और हकदारियों के समान मिलेंगी।

4. इन पदों को पात्र अधिकारियों के बीच प्राथमिकता के आधार पर परिचालित किया जाए। इच्छुक और योग्य अधिकारियों के नाम, जिन्हें उनके मंत्रालय/विभाग छोड़ सकते हैं, पिछले पांच वर्षों के कैडर निकासी, सतर्कता निकासी, विस्तृत बायो-डेटा और एपीएआर डोजियर/प्रमाणित एपीएआर ग्रेडिंग सहित इस मंत्रालय को अग्रेषित किए जा सकते हैं।

5. जो अधिकारी वर्तमान में विदेश मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं वे अपने मूल कॉडर से कॉडर निकासी के साथ इन पदों के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं कि, यदि उनका चयन होता है तो, वे अगले तीन वर्षों के लिए विदेश प्रतिनियुक्ति के लिए उपलब्ध होंगे।

6. यह अनुरोध किया जाता है कि आवेदन सुश्री पाओलोमी त्रिपाठी, ओएस (एफएसपी और कैडर), विदेश मंत्रालय, कमरा सं. 37, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली (dsfsp@mea.gov.in, fsb@mea.gov.in) को संबोधित करते हुए 22 मई, 2017 तक इस मंत्रालय को भेजें।

भवदीय

(सिबी जॉर्ज)

प्रति : विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए अवर सचिव (डीडी), विदेश मंत्रालय को प्रेषित